**भारत सरकार**

**शिक्षा मंत्रालय**

**स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 3160**

**उत्तर देने की तारीख 15.03.2021**

**शिक्षकों की भर्ती**

**†.3160 श्री राजीव प्रताप रुडी:**

क्या **शिक्षा मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सरकार के पास पिछले वर्ष के दौरान देश में केंद्रीय विद्यालयों, सर्वोदय विद्यालयों और जवाहर नवोदय विद्यालयों में भर्ती किए गए शिक्षकों का कोई आंकड़ा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) केंद्रीय विद्यालयों, सर्वोदय विद्यालयों और जवाहर नवोदय विद्यालयों में वर्तमान में नियोजित शिक्षकों की संख्या का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार चालू वर्ष में ऐसे विद्यालय खोलने की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्री**

**(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')**

**(क) से (ग)** केंद्रीय विद्यालय (केविएस) ने सूचित किया है कि कोविड-19 महामारी के कारण, पिछले वर्ष के दौरान शिक्षकों की नई भर्ती नहीं हो पाई। केन्द्रीय विद्यालयों (केवि) में 40662 शिक्षक हैं।

नवोदय विद्यालय समिति (एनवीएस) ने सूचित किया है कि पिछले वर्ष के दौरान **572** शिक्षकों की भर्ती की गई थी। जवाहर नवोदय विद्यालयों (जेएनवि) में **11808** शिक्षक हैं। अंतिम वर्ष के दौरान शिक्षकों की भर्ती के राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों के विवरण संलग्न हैं।

इस मंत्रालय में सर्वोदय विद्यालयों के संबंध में कोई डाटा नहीं रखा जाता है।

(घ) नए केंद्रीय विद्यालयों को खोलना एक सतत प्रक्रिया है। नए केवि खोलने के प्रस्ताव पर तभी विचार किया जाता है, जब ये प्रस्ताव भारत सरकार/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के मंत्रालयों या विभागों द्वारा प्रायोजित हों जिसमें नए केवि की स्थापना करने हेतु केविएस के निर्धारित मानदंडों के अनुसार भूमि, अस्थायी आवास आदि सहित संसाधनों की प्रतिबद्धता की गई है। नए केवि खोलने के लिए विभिन्न प्रायोजक प्राधिकारियों से प्राप्त सभी प्रकार से पूर्ण प्रस्तावों को "चुनौती विधि" के तहत अन्य प्रस्तावों के साथ प्रतिस्पर्धा करनी होती है।

नवोदय विद्यालय योजना में देश के प्रत्येक जिले में एक जेएनवि खोलने की परिकल्पना की गई है। नए जेएनवि को खोलना एक सतत प्रक्रिया है, जो विद्यालय भवन के निर्माण के लिए अपेक्षित

उपयुक्त निःशुल्क भूमि और विद्यालय को शुरू करने के लिए आवश्यक अस्थायी आवास (किरायामुक्त) उपलब्ध कराने की संबंधित राज्य सरकार की इच्छा पर निर्भर करता है। हालांकि, जेएनवि की वास्तविक स्वीकृति और उन्हें खोला जाना निधि की उपलब्धता और सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदन पर निर्भर करता है। तमिलनाडु, जिसने अभी तक नवोदय विद्यालय योजना को स्वीकार नहीं किया है, को छोड़कर, 31 मई 2014 को देश के सभी जिलों में एक-एक जेएनवि को स्वीकृति प्रदान की गई है।

*****

**संलग्नक**

**शिक्षकों की भर्ती के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री राजीव प्रताप रुडी द्वारा दिनांक 15 मार्च, 2021 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3160 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित संलग्नक**

**शिक्षकों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण**
**वर्ष 2020 में एनविएस में भर्ती**

| क्र. सं. | राज्य/यूटी | भर्ती किए गए शिक्षक |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 2 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 12 |
| 3 | अरुणांचल प्रदेश | 31 |
| 4 | असम | 41 |
| 5 | बिहार | 23 |
| 6 | चंडीगढ़ | 0 |
| 7 | छत्तीसगढ | 27 |
| 8 | दादर नगर हवेली और दमन और दीव | 2 |
| 9 | दिल्ली | 0 |
| 10 | गोवा | 1 |
| 11 | गुजरात | 25 |
| 12 | हरियाणा | 8 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 5 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर (यूटी) | 53 |
| 15 | झारखंड | 13 |
| 16 | कर्नाटक | 14 |
| 17 | केरल | 4 |
| 18 | लद्दाख (यूटी) | 8 |
| 19 | लक्षद्वीप (यूटी) | 0 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 67 |
| 21 | महाराष्ट्र | 21 |
| 22 | मणिपुर | 13 |
| 23 | मेघालय | 19 |
| 24 | मिजोरम | 16 |
| 25 | नागालैंड | 19 |
| 26 | ओडिशा | 47 |
| 27 | पुदुचेरी (यूटी) | 4 |
| 28 | पंजाब | 10 |
| 29 | राजस्थान | 27 |
| 30 | सिक्किम | 3 |
| 31 | तेलंगाना | 9 |

| | | |
|---|---|---|
| **32** | त्रिपुरा | 7 |
| **33** | उत्तर प्रदेश | 21 |
| **34** | उत्तराखंड | 12 |
| **35** | पश्चिम बंगाल | 8 |
| **सकल योग** | | **572** |

****